BSNL
Connecting Bharat
Securely • Affordably • Reliably

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम
कार्मिक शाखा, निगम कार्यालय
चौथा तल, भारत संचार भवन,
जनपथ, नई दिल्ली - 110001

पत्र संख्या: बीएसएनएलसीओ-ओएल/11(14)/2/2025- राजभाषा                    दिनांक 08-09-2025

**विषय: भारत संचार निगम लिमिटेड, निगम कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तावित वार्षिक हिन्दी पत्रिका "संचार सारिका" वर्ष 2025 के 17वें अंक(रजत जयंती विशेषांक) के प्रकाशन हेतु रचनाएँ आमंत्रित करने हेतु।**

सभी बीएसएनएल कार्मिकों को सहर्ष सूचित किया जाता है कि 1 अक्टूबर 2025 को बीएसएनएल की रजत जयंती के उपलक्ष्य में बीएसएनएल निगम कार्यालय की हिन्दी गृह पत्रिका संचार सारिका का "रजत जयंती विशेषांक" प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है। रचनाएँ दिनांक 15 सितंबर 2025 तक प्राप्त हो जानी चाहिए।

इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वह अपनी प्रकाशित कराने वाली सामग्री शीघ्र कार्मिक राजभाषा शाखा की ईमेल । dgmolbsnlco25@gmail.com पर भेजने की कृपा करे।

1. प्रकाशित की जाने वाली सामग्री पूर्णत: टंकित एवं त्रुटिहीन होनी चाहिए।
2. टंकित सामग्री जैसे लेख, आलेख, वृतांत, कहानियाँ एवं रचनाएँ अधिकतम 500 शब्दों मे हों एवं कविताओ के लिए शब्दों की सीमा 100-150 तक निर्धारित की गई है।
3. सामग्री कार्मिक राजभाषा शाखा की ईमेल dgmolbsnlco25@gmail.com पर भेजी जानी चाहिए।
4. सामग्री की एमएस वर्ड मे साफ्ट प्रतिलिपि भेजनी आवश्यक है।
5. स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित पीडीएफ़ प्रतिलिपि भी भेजनी है।
6. रचनाकार का पासपोर्ट साइज़ फोटो लगाना आवश्यक है। (सॉफ्ट प्रतिलिपि मे)
7. पीडीएफ़ (PDF) हस्ताक्षरित घोषणा पत्र कि भेजी गई रचना/ लेख, आलेख, वृतांत, कहानी उसके द्वारा ही रचित है और किसी भी वाद विवाद की स्थिति में लेखक स्वयं जिम्मेदार होगा भी भेजनी आवश्यक है। लेखक इस आशय का प्रमाण भी प्रस्तुत करे कि वह बीएसएनएल मे कार्यरत है जैसे नियंत्रण अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, पहचान पत्र इत्यादि।

यह पत्र सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा हैं।

म.उदय कुमार
(म. उदय कुमार)
उप महाप्रबंधक(कार्मिक-विधि एवं राजभाषा)

प्रति:

भारत संचार निगम लिमिटेड, निगम कार्यालय, परिमंडलों, इकाइयो एवं आधीनस्थ कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी ।